# कुशाल लेक क्षेत्र का निरीक्षण कर प्रस्तावित कार्यों की समीक्षा की



कुशालगढ़ लेक का अवलोकन करते पूर्व विधायक मानसिंह  गुर्जर व अन्य।

■ 'सभी कार्य स्वीकृत अनुमान के अनुसार हों और गुणवत्ता से कोई समझौता न किया जाए'

**गंगापुर सिटी, (निसं)।** कुशाल लेक के विकास और सौंदर्यीकरण के लिए पर्यटन विभाग से बजट स्वीकृत होने के बाद कार्यों में तेजी आने की उम्मीद है। इसी क्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक मानसिंह गुर्जर ने संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ लेक क्षेत्र का निरीक्षण कर प्रस्तावित कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान, मानसिंह गुर्जर ने लेक क्षेत्र में प्रस्तावित निर्माण कार्यों, सौंदर्यीकरण योजनाओं, पर्यटक सुविधाओं और पर्यावरण संरक्षण से जुड़े पहलुओं का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने अधिकारियों को प्रभावी और सुनियोजित तरीके से कार्यों के क्रियान्वयन के निर्देश दिए।

उन्होंने स्पष्ट किया कि सभी कार्य स्वीकृत अनुमान के अनुसार हों और गुणवत्ता से कोई समझौता न किया जाए। साथ ही, कार्यों को निर्धारित समय सीमा में पूरा करने पर भी जोर दिया गया। मानसिंह गुर्जर ने अधिकारियों को प्रभावी और सुनियोजित तरीके से कार्यों के क्रियान्वयन के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान पाथवे निर्माण, बैठने की व्यवस्था, आकर्षक प्रकाश व्यवस्था, हरित क्षेत्र के विस्तार, स्वच्छता और जल संरक्षण से संबंधित योजनाओं पर विशेष चर्चा हुई। गुर्जर ने कहा कि कुशाल लेक को आधुनिक, स्वच्छ और सुव्यवस्थित पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाना चाहिए, ताकि स्थानीय नागरिकों और बाहरी पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने लेक के चारों ओर पाथवे विकसित करने का सुझाव दिया, जिससे लोग सुबह-शाम घूम सकें और परिवार के साथ समय बिता सकें। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण पर विशेष जोर देते हुए कहा कि विकास कार्य करते समय लेक के प्राकृतिक स्वरूप को बनाए रखना आवश्यक है। हरियाली बढ़ाने, जल गुणवत्ता सुधारने और स्वच्छता को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त, वृक्षारोपण और जल संरक्षण के स्थायी उपाय अपनाने की बात भी कही गई।

मानसिंह गुर्जर ने बताया कि कुशाल लेक का विकास गंगापुर सिटी के लिए एक महत्वपूर्ण परियोजना है, जो क्षेत्र की सुंदरता बढ़ाने के साथ-साथ पर्यटन की संभावनाओं को भी साकार करेगी। उन्होंने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और पर्यटन मंत्री एवं उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार जनहित में विकास कार्यों को प्राथमिकता दे रही है। पूर्व विधायक मानसिंह गुर्जर ने परियोजना को क्षेत्र के विकास के लिए महत्वपूर्ण कदम बताया। उन्होंने कहा कि परियोजना पूर्ण होने के बाद गंगापुर सिटी को पर्यटन मानचित्र पर नई पहचान मिलेगी और स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। व्यापार, होटल, परिवहन और अन्य सेवाओं को भी इससे बढ़ावा मिलेगा, जिससे क्षेत्र की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। उन्होंने इस परियोजना को क्षेत्र के विकास के लिए महत्वपूर्ण कदम बताया। अधिकारियों ने बताया कि विकास कार्य चरणबद्ध तरीके से किए जाएंगे, जिसमें सड़क संपर्क, पार्किंग, लाइटिंग, सुरक्षा और साफ-सफाई जैसी आधुनिक सुविधाएं शामिल होंगी। कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग और प्रगति समीक्षा के निर्देश भी दिए गए हैं, ताकि समय पर कार्य पूर्ण हो सकें। इस दौरान सभापति शिवरतन अग्रवाल, शहर मंडल अध्यक्ष मिथलेश व्यास, विजय गोयल, देवेश पितलिया, अंकित गोयल, गोपाल सलेमपुर, गुडडू शर्मा, राकेश टल्लन, राहुल जांगिड, रवि तमोली, डा राहुल, मनीष सिराधना, रामकेश, पवन, सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता बदन सिंह, कनिष्ठ अभियंता सहित अन्य मौजूद रहे।

## 5000 का इनामी बदमाश पप्पू डॉन मुसलमान गिरफ्तार

**करौली, (निसं)।** जिला पुलिस अधीक्षक लोकेश सोनवाल के निर्देशन में जुआ सट्टे अवैध शराब अवैध खनन आदि के विरुद्ध चल रहे ऑपरेशन प्रहार अभियान के तहत कोतवाली पुलिस ने बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए 1 वर्ष से मारपीट और लूटपाट के मामले में फरार चल रहे हिस्ट्रीशीटर 5000 के इनामी पप्पू डॉन निवासी को गिरफ्तार किया।

इस दौरान कोतवाली के सहायक उप निरीक्षक कमल राम ने बताया कि यहां के चिकन फर्श के पास खार रोड करौली निवासी राशिद अली ने गत 8 सितंबर 2025 को मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह दुकान बंद कर शाम के समय घर आ रहा था रास्ते में गोमती कॉलोनी में पप्पू डॉन पुत्र बाबू मछली वाला दो-तीन अन्य व्यक्तियों के साथ आया और मारपीट कर जेब में रखे 63000 छीन कर ले गया उन्होंने बताया कि इसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तलाश जारी थी लेकिन फरार हो गया उन्होंने बताया कि इसके खिलाफ कोतवाली पर विभिन्न मामलों के करीब एक दर्जन से अधिक मुकदमा दर्ज है जिसको देखते हुए जिला पुलिस अधीक्षक के द्वारा पप्पू डॉन की गिरफ्तारी पर 5000 इनाम घोषित किए गए उन्होंने बताया कि पुलिस टीम के साथ पप्पू डॉन की गिरफ्तारी के लिए जगह-जगह दविश दी गई और उसको गिरफ्तार कार्यालय में पेश किया गया जहां से न्यायाधीश ने न्यायिक अभिरक्षा में भेजा।

## सार-समाचार

### मेधावी विद्यार्थियों का किया सम्मान



**भरतपुर, (निसं)।** मास्टर आदित्येन्द्र राजकीय उमावि का विज्ञान एवं वाणिज्य वर्ग का परिणाम शत प्रतिशत रहा। इस अवसर पर मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान किया। अभावों से लडकर कुलदीप ने 96.20 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। मा.आ.उमावि भरतपुर में विद्यालय परिवार के द्वारा उमा बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने वाले छात्र/छात्राओं का माला साफा पहनाकर अभिनन्दन किया गया। प्राचार्य यशवीर सिंह ने बताया कि विद्यालय के विज्ञान वर्ग के छात्र अर्जुन शर्मा ने 96 प्रतिशत, लोकेश ने 94.40 प्रतिशत, कनिष्का ने 93 प्रतिशत, प्रवीन ने 91.60 प्रतिशत, लव ने 90.8 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। इसी प्रकार कला वर्ग में कुलदीप ने 96.20 प्रतिशत, जसविंदर सिंह ने 94 प्रतिशत, नेहा लोधा ने 93.40 प्रतिशत, निकीता ने 89 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर सभी विद्यार्थियों का अभिनन्दन करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। विद्यालय के बोर्ड परीक्षा प्रभारी योगेश कुमार शर्मा के हवाले से बताया कि सत्र 2026 में विज्ञान संकाय में कुल 160 विद्यार्थियें में से 99 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी एवं 57 ने द्वितीय श्रेणी प्राप्त की। कला वर्ग में कुल 103 में से 46 ने प्रथम श्रेणी एवं 51 ने द्वितीय श्रेणी प्राप्त की, वाणिज्य वर्ग में कुल 15 में से 7 ने प्रथम एवं 6 ने द्वितीय श्रेणी प्राप्त की। विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। अभिनन्दन समारोह में विद्यालय के उप प्राचार्य अनिल कुमार शर्मा के साथ वरिष्ठ व्याख्याता अजयराज सिंह, अशोक गुप्ता, जयवीर सिंह, सौरभ सिंह, चंचल अर्ठावाल, रामनरेश राठोड, कविता, उमेश चंद सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

### रणथंभौर रोड फार्म हाउस योजना पर हाईकोर्ट की रोक

**सवाईमाधोपुर/जयपुर।** राजस्थान हाई कोर्ट ने सवाई माधोपुर के ठााम खिलचीपुर में प्रस्तावित फार्म हाउस योजना पर बड़ी कार्रवाई करते हुए तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है। कोर्ट ने साफ शब्दों में कहा है कि विवादित चारागाह भूमि पर यथास्थिति  बनाए रखी जाए और किसी भी प्रकार के तीसरे पक्ष के अधिकार नहीं बनाए जाएं। यह अहम आदेश कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश संजीव प्रकाश शर्मा और न्यायमूर्ति शुभा मेहता की खंडपीठ ने जनहित याचिका संख्या 3734/2026 की सुनवाई के दौरान दिया। मामला रणथंभौर टाइगर रिजर्व के आसपास की संवेदनशील भूमि से जुड़ा होने के कारण कोर्ट ने इसे गंभीर माना। ग्राम खिलचीपुर के ग्रामीणों की ओर से उनके अधिकृत प्रतिनिधि महेश कुमार जैन द्वारा दायर इस याचिका में आरोप लगाया गया है कि चारागाह और ''गैर मुमकिन रास्ता'' श्रेणी की जमीन को शहरी सुधार न्यास के अधीन मानते हुए वहां फार्म हाउस, होटल और रिसॉर्ट जैसी व्यावसायिक गतिविधियों की तैयारी की जा रही है। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि यह भूमि पारंपरिक रूप से ग्रामीणों और पशुओं के उपयोग के लिए रही है और इसका व्यावसायिक उपयोग कानून के खिलाफ है। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने राज्य सरकार सहित सभी संबंधित विभागों-शहरी विकास विभाग, स्थानीय स्वशासन विभाग, जिला कलेक्टर, , नगर परिषद और तहसीलदार को नोटिस जारी करते हुए चार सप्ताह में जवाब मांगा है। अदालत ने अपने अंतरिम आदेश में  सवाई माधोपुर को निर्देश दिया है कि वह रणथंभौर रोड स्थित फार्म हाउस योजना पर फिलहाल कोई भी आगे की कार्रवाई न करे और जमीन की मौजूदा स्थिति को जस का तस बनाए रखे। साथ ही कोर्ट ने स्पष्ट किया कि इस अवधि में किसी भी प्रकार के तीसरे पक्ष के अधिकार सृजित नहीं किए जाएंगे।यह आदेश ऐसे समय में आया है जब रणथंभौर क्षेत्र के आसपास भूमि उपयोग को लेकर लगातार विवाद सामने आ रहे हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि यह निर्णय न केवल पर्यावरण संरक्षण के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है, बल्कि ग्रामीण सार्वजनिक संसाधनों और पारंपरिक भूमि अधिकारों की रक्षा के लिए भी एक अहम कदम साबित हो सकता है।

### कुहू स्कूल का ऐलन ऑनलाइन मॉडल बना पहली पसंद

**गंगापुर सिटी, (निसं)।** शिक्षा के बदलते स्वरूप के बीच कुहू इंटरनेशनल स्कूल, गंगापुर सिटी ने एक अभिनव पहल करते हुए पारंपरिक शिक्षण पद्धति और आधुनिक तकनीक का बेहतरीन समन्वय प्रस्तुत किया है। विद्यालय द्वारा अपनाया गया ऐलन ऑनलाइन इंटीग्रेटेड मॉडल अब विद्यार्थियों और अभिभावकों के बीच तेजी से लोकप्रिय होता जा रहा है। जहां अधिकांश कोचिंग संस्थान आज भी पारंपरिक व्हाइट बोर्ड तक सीमित हैं, वहीं कुहू स्कूल में अनुभवी शिक्षकों द्वारा सुदृढ़ कक्षा शिक्षण के साथ-साथ देश के प्रतिष्ठित संस्थान ऐलन ऑनलाइन की श्रेष्ठ फैकल्टी के रिकॉर्डेड वीडियो लेक्चर दिखाए और समझाए जा रहे हैं। इस संयोजन ने पढ़ाई को अधिक सरल, प्रभावी और रोचक बना दिया है। विद्यालय में 75 इंच के अत्याधुनिक इंटरैक्टिव पैनल के माध्यम से जटिल विषयों और थ्री डी कॉन्सेप्ट्स को स्पष्ट रूप से समझाया जा रहा है, जिससे विद्यार्थियों की अवधारणात्मक समझ मजबूत हो रही है। साथ ही ऐलन का प्रमाणित स्टडी मटेरियल, ऑल इंडिया टेस्ट सीरीज और ऐप आधारित डाउट सॉल्विंग जैसी सुविधाएं भी विद्यार्थियों को मिल रही हैं। कुहू इंटरनेशनल स्कूल के डायरेक्टर डॉ. हेमंत शर्मा ने बताया कि विद्यालय का उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल किताबी ज्ञान देना नहीं, बल्कि उन्हें गहराई से समझ विकसित कर उत्कृष्ट परिणामों के लिए तैयार करना है। उन्होंने कहा कि ऐलन ऑनलाइन के साथ विद्यालयीय शिक्षण विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए एक मजबूत आधार प्रदान कर रहा है। विशेष रूप से यह सभी सुविधाएं विद्यालय की नियमित फीस में ही उपलब्ध कराई जा रही हैं, जिससे अभिभावकों को अतिरिक्त कोचिंग पर निर्भर रहने की आवश्यकता नहीं पड रही है। यही कारण है कि कुहू इंटरनेशनल स्कूल का यह नया मॉडल विद्यार्थियों की पहली पसंद बनकर उभर रहा है और क्षेत्र में शिक्षा के क्षेत्र में एक नई दिशा प्रदान कर रहा है।

### जिला स्तरीय बैठक आयोजित

**करौली, (निसं)।** शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी करौली की भाजपा जिला अध्यक्ष गोवर्धन सिंह जादौन की अध्यक्षता में जिला स्तरीय बैठक आयोजित हुई। भाजपा जिला मीडिया संयोजक मुकेश सालौत्री ने बताया कि बैठक में जिला अध्यक्ष गोवर्धन सिंह जादौन ने 6 अप्रैल को पार्टी का स्थापना दिवस को प्रत्येक बूथ पर मनाने को कहा, जिला अध्यक्ष गोवर्धन सिंह ने कहा कि पार्टी 46 वर्ष को पूर्ण कर चुकी हैं, जादौन ने अपने संबोधन में कहा कि पार्टी का स्थापना दिवस हमें एक त्यौहार के रूप में मनाना है,साथ ही जिला अध्यक्ष गोवर्धन सिंह ने 8 अप्रैल को मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नागल शेरपुर के संभावित दौरे को लेकर भी कार्यकर्ताओं से चर्चा की,इस मौके पर पूर्व जिला अध्यक्ष रमेश राजोरिया दिलीप गुप्ता, सुरेश शुक्ला, रूपसिंह मीना, धीरेन्द्र बैंसला, उत्तम सिंह, पुष्पेंद्र बंसल, अजयपाल सिंह,योगेश शर्मा, गोपाल गुर्जर, अमित पारीक,चंद्रकला मीणा, शिब्बु राम मीणा , आरती बैंसला, पुष्पेंद्र सैनी,जगपाल सोलंकी , शिवसिंह , विभांशु मोदी, गोपाल शर्मा आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### भाजपा कल मनाएगी स्थापना दिवस

**गंगापुर सिटी, (निसं)।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा 6 अप्रैल को स्थापना दिवस पूरे उत्साह और धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर शहर मंडल अध्यक्ष मिथलेश व्यास ने सभी बूथ अध्यक्षों, शक्ति केंद्र प्रभारियों, मंडल पदाधिकारियों एवं समस्त कार्यकर्ताओं से आह्वान किया है कि वे अपने-अपने निवास स्थान पर पार्टी का ध्वज अवश्य फहराएं। मंडल अध्यक्ष मिथलेश व्यास ने कहा कि भाजपा का स्थापना दिवस कार्यकर्ताओं के लिए गर्व और प्रेरणा का दिन है। यह दिन पार्टी की विचारधारा, सिद्धांतों और राष्ट्र सेवा के संकल्प को पुनः सुदृढ़ करने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे अपने घरों पर पार्टी का झंडा लगाकर इस दिन को उत्सव के रूप में मनाएं। साथ ही उन्होंने सभी से ध्वजारोहण की फोटो खींचकर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स एवं ''सरल ऐप'' पर अनिवार्य रूप से अपलोड करें, ताकि संगठनात्मक गतिविधियों को व्यापक स्तर पर प्रदर्शित किया जा सके। भाजपा शहर मंडल द्वारा स्थापना दिवस को सफल बनाने के लिए व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं।

## सार-समाचार

### डॉ. जगमोहन गोयल बने अध्यक्ष



**महुआ, (निसं)।** भारत विकास परिषद महवा शाखा के चुनाव मंडावर रोड स्थित अवध मैरिज होम गार्डन में संपन्न हुए। चुनाव प्रक्रिया का संचालन प्रदेश समिति सदस्य विमल जैन एवं पूर्व अध्यक्ष जीपी शर्मा के नेतृत्व में किया गया।चुनाव में सर्वसम्मति से डॉ. जगमोहन गोयल को अध्यक्ष चुना गया, जबकि महेंद्र तेगरवाल को पुनः सचिव पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। कोषाध्यक्ष पद पर दिनेश सैनी (प्रयास लाइब्रेरी) का चयन किया गया।मीडिया प्रभारी योगेंद्र गोयल ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम में निवर्तमान अध्यक्ष भारत सिंह मीणा ने वर्षभर की गतिविधियों पर प्रकाश डाला। वहीं महिला समन्वयक के रूप में आशा गोयल (अध्यापक) को नियुक्त किया गया। इस अवसर पर डॉ. प्रेमवती शर्मा, संजू गुर्जर, जमना मित्तल, रेनु गोयल, दिनेश बंसल, ताराचंद गोयल, रूप सिंह सैनी, राजन मीणा, कृष्ण कुमार मित्तल, गणेश बंसल, श्रीपाल जैन, सत्यनारायण गोयल, राजेंद्र शर्मा पाली सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।कार्यक्रम में नव-निर्वाचित पदाधिकारियों का स्वागत किया गया तथा संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का संकल्प लिया गया।

### हॉकी के नेतृत्व को लेकर विवाद समाप्त

**करौली, (निसं)।** राजस्थान में हॉकी के नेतृत्व को लेकर उत्पन्न हुआ विवाद अब खत्म हुआ। राजस्थान हाई कोर्ट जोधपुर के हालिया फैसले के बाद यह साफ हो गया है कि अब हॉकी राजस्थान द्वारा चुनी गई टीमें ही हॉकी के नेशनल मुकाबलों में हिस्सा लेंगी।  हॉकी राजस्थान के अध्यक्ष अरुण कुमार सारस्वत ने प्रेस को बताया कि 1 अप्रैल को जारी ऑर्डर में कोर्ट ने अपने पहले के फैसले में बदलाव किया है और यह साफ कर दिया है कि राजस्थान हॉकी संघ को राज्य को रिप्रेजेंट करने के लिए टीम भेजने का अधिकार नहीं है।इस फैसले का तुरंत असर हुआ। राजस्थान हॉकी संघ की भेजी गई टीमों को झारखंड के रांची में हॉकी इंडिया सब-जूनियर नेशनल्स (महिला) और बिहार के राजगीर में सब-जूनियर नेशनल्स (पुरुष) से वापस भेज दिया गया।  सारस्वत ने कहा कि हॉकी इंडिया ने यह भी साफ कर दिया है कि हॉकी राजस्थान ही राजस्थान में उनकी एकमात्र मान्यता प्राप्त संस्था है। इसके अलावा, हॉकी राजस्थान को राजस्थान ओलंपिक एसोसिएशन से भी मान्यता प्राप्त है। उन्होंने बताया कि 2010 से हॉकी राजस्थान की टीमें नेशनल लेवल के मुकाबलों में राजस्थान का प्रतिनिधित्व कर रही हैं और अब कोर्ट के फैसले के बाद स्थिति पूरी तरह साफ हो गई है।

### 18 अवैध गैस सिलेंडर सहित रिफिलिंग के संसाधन जब्त

**करौली, (निसं)।**  एक और तो घरेलू गैस सिलेंडर के लिए किल्लत मची हुई है दूसरी ओर जिला मुख्यालय पर अवैध गैस रिफलिंग कारोबार जोरों पर चल रहा है ऑटो टेंपो में महंगे दामों में गैस रिफलिंग कर मनमानी राशि वसूल रहे हैं और इस समय गैस की किल्लत होने के उपरांत भी प्रशासन को चुनौती दे रहे हैं हालांकि जिला रसद विभाग ने घरेलू गैस सिलेंडर से अवैध रिफलिंग पर कार्रवाई करते हुए 18 गैस सिलेंडर सहित रिफलिंग के संसाधन जप्त किये। गंभीर जनक बात यह है कि यहां जिले में ही नहीं राज्य और देशभर में इस समय गैस की कीमत मची हुई है लोगों को बड़ी मशक्कत कर घरेलू गैस सिलेंडर मिल रहे हैं यहां जिला मुख्यालय पर एक नहीं तीन तीन गैस एजेंसी संचालित है उसके उपरांत भी लोग गैस सिलेंडरों के लिए तड़फ रहे हैं जिस किल्लत की तह तक जिला मुख्यालय पर बैठे जिला प्रशासन के पुलिस प्रशासन एवं जिला परिवहन विभाग और रसद विभाग के अधिकारी नहीं पहुंच पा रहे हैं और यदि पहुंच रहे हैं तो उनकी अनदेखी माने या अवैध रिफलिंग वालों से मिली भगत माने क्योंकि जिला मुख्यालय पर हजारों की संख्या में ऑटो टेंपो संचालित है जिनमें से अधिकांश ऑटो टेंपो एलपीजी गैस से संचालित हैं जबकि करौली जिला मुख्यालय सहित आसपास में एलपीजी गैस का एक भी रिफलिंग सेंटर नहीं है उसके उपरांत भी जिला मुख्यालय स्थित शहर में दिनभर एलपीजी गैस से हजारों की संख्या में टेंपो ऑटो धड़ल्ले से संचालित है लेकिन जिला पुलिस प्रशासन और जिला परिवहन विभाग ने आज तक एलपीजी गैस से संचालित ऑटो टेंपो की जांच तक नहीं की जाती है जिसका अवैध रिफलिंग वाले लाभ उठाते हुए अवैध रूप से रिफलिंग का कारोबार चला रहे हैं और देखने लायक यह है कि पुलिस प्रशासन की ओर से यातायात पुलिस शहर के हर पॉइंट पर यातायात पुलिस कर्मी तैनात रहता है और एक यातायात पुलिस दल का बाहन सहित हाईवे सड़क मार्ग पर दिनभर तैनात रहता है इसके अलावा परिवहन विभाग का दस्ता भी हाईवे सड़क मार्ग पर रहता है उसके उपरांत भी जिला मुख्यालय स्थित शहर में अवैध रूप से एलपीजी गैस से ऑटो टेंपो धड़ल्ले से दौड़ रहे हैं जानकारी के अनुसार अवैध रिफलिंग की सूचना पर जिला रसद अधिकारी हितेश मीणा के नेतृत्व में अवैध रिफलिंग के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई करते हुए 18 घरेलू गैस सिलेंडर सहित रिफलिंग के संसाधन जप्त करने की कार्रवाई की।

## टेक्टर बाइक की भिड़ंत में दो घायल

**गंगापुर सिटी, (निसं)।**गंगापुर सिटी-हिंडौन सिटी सड़क मार्ग पर स्थित टोकसी मोड़ पर बीती रात एक सड़क हादसा हो गया। ट्रैक्टर और बाइक की आमने-सामने की टक्कर में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।

हादसे के बाद मौके पर भीड़ जमा हो गई, जिसके बाद पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी गई। सूचना मिलने पर 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल गंगापुर सिटी के जिला अस्पताल ले जाया गया। उन्हें सर्जिकल वार्ड में भर्ती कर उपचार शुरू किया गया है, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई ळें घायलों की पहचान हरिश्चंद्र सोनी उर्फ पिंटू (44) और रामगोपाल सोनी (26) के रूप में हुई है। ये दोनों रिश्तेदार बताए जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार, वे अपने गांव की ओर जा रहे थे, तभी टोकसी मोड़ के पास ट्रैक्टर से उनकी टक्कर हो गई। अस्पताल सूत्रों के मुताबिक, दोनों घायलों की स्थिति नाजुक बनी हुई है और डॉक्टरों की टीम उनकी लगातार निगरानी कर रही है। पुलिस ने घटना की जानकारी लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## श्रीहनुमान चालीसा सामूहिक पाठ का हुआ आयोजन



श्रीहनुमान चालीसा सामूहिक पाठ का आयोजन हुआ।

**भरतपुर ( निस )।** सेक्टर नंबर 3 पानी की टंकी के पास स्थित श्री नर्मदेश्वर महादेव मंदिर में सामूहिक रूप से विश्व शांति की कामना के साथ श्री हनुमान चालीसा, श्री बजरंग बाण का पाठ आयोजित किया गया कार्यक्रम की शुरुआत मंदिर के मुख्य पुजारी महेंद्र शर्मा द्वारा विधिवत पूजा अर्चना कर किया गया पाठ के दौरान वातावरण भक्तिमय हो गया इस अवसर पर भक्तो द्वारा श्री हनुमान चालीसा, श्री बजरंग बाण पाठ का आयोजन बड़े उत्साह के साथ संगीत की धुन पर किया गया महंत महेंद्र शर्मा ने बताया कि सामूहिक हनुमान चालीसा और बजरंग बाण का पाठ विशेष फलदाई माना जाता है साथ ही श्री हनुमान जी को चोला चढ़ाकर 11 किलो बूंदी का भोग अर्पण कर भक्तो को वितरित किया गया साथ में प्रसादी में ठंडाई का वितरण भी किया गया। इस आधयात्मिक वेला पर पर वरिष्ठ समाजसेवी एवं ब्राह्मण सभा के पूर्व जिलाध्यक्ष कौशलेश शर्मा का सम्मान भी किया गया इस ऐतिहासिक अवसर पर कौशलेश शर्मा ने कहा कि सामूहिक रूप से धार्मिक आयोजन समाज को सार्थक सन्देश देते है ऐसे आयोजन समय समय पर होना आने वाली पीढ़ी में आध्यतमिक चेतना जाठात करने के लिए भी उपयोगी है वर्तमान में युद्ध की दशा में विश्व शांति की सबसे अधिक आवश्यकता है, और यह शांति ईश्वर की कृपा से ही संभव है। इस अवसर पर महंत महेंद्र शर्मा, श्री ब्राह्मण सभा के पूर्व जिलाध्यक्ष कौशलेश शर्मा, समाज सेवी सुरेश शर्मा, शिक्षाविद पवन पाराशर, शिप्रा खंडेलवाल, अधिवक्ता रचना सिंह, बबिता गोयल, सत्यवती, , समाजसेवक राजेंद्र भारद्वाज  बिमला देवी, माया, सतीश मित्तल, किस्सो पंडित, भगवन सर्राफ आदि भक्त इस अदुभुत आयोजन के गवाह बने।

## पत्रकार प्रकरण की जांच की मांग

**भुसावर/भरतपुर, (निसं)।** हलैना के तिलचिवी गांव निवासी पत्रकार थानसिंह सिनसिंनवार के भतीजे की मृत्यु प्रकरण को लेकर जार के वैर -भुसावर के अध्यक्ष रमाकांत लाटा की अध्यक्षता में मीटिंग सम्पन्न हुई।

मीटिंग में उपस्थित पत्रकारों ने प्रकरण की उच्चस्तरीय जांच की मांग की।तथा 10 अप्रेल को कठूमर एसडीएम कार्यालय पर पहुंचने का निर्णय लिया गया। ज्ञात रहे पत्रकार थानसिंह सिनसिनवार के भतीजे की खेरली में अपनी दुकान में संदिग्ध परिस्थितियों में 30 जनवरी को मृत्यु हो गई थी।मामले के जांच अधिकारी से असंतुष्ठ पत्रकार ने अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस (अपराध) गृहराज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम को परिवाद प्रस्तुत कर सीआईडी से जांच की मांग की गई थी। लेकिन कोई कार्यवाही न होने पर 13मार्च को सीएमआर में आयोजित पत्रकारों द्वारा मुख्यमंत्री के आभार कार्यक्रम में परिवाद प्रस्तुत कर मांग दोहराई गई।लेकिन फिर भी कोई प्रभावी कार्यवाही न होने पर पत्रकार ने कठूमर उपखंड अधिकारी कार्यालय पर आमरण अनशन करने का निर्णय लिया गया।इसकेलिए उन्होंने उपखंडाधिकारी कठूमर को लिखित सूचना दी गई है। आमरण अनशन 10अप्रेल से शुरू होगा। मीटिंग में मोहन जोशी राजेश पचोरी हरदेव कटारिया शुभम गुप्ता कपिल अशोक भारती आदि पत्रकार मौजूद रहे।

## बैठक आज

**करौली, (निसं)।** जिला मुख्यालय स्थित माली समाज के महात्मा ज्योतिबा फुले विकास संस्थान छात्रावास परिसर में 5 अप्रैल रविवार को दोपहर 12:30 से 2:30 बजे तक बैठक आयोजित की जाएगी।संस्था सचिव एवं कस्बाध्यक्ष रामगोपाल माली ने बताया कि बैठक में 11 अप्रैल को आयोजित होने वाली महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती की रैली एवं सम्मान समारोह की तैयारियों के साथ संस्थान के चुनाव को लेकर कार्ययोजना बनाई जाएगी।

# 'व्यापारी विकास का विरोधी नहीं पर विनाश का पक्षधर भी नहीं'



जिला व्यापार महांसघ के बैनर तले बनी संघर्ष समिति द्वारा प्रेस वार्ता आयोजित हुई।

**भरतपुर, (निसं)।** भरतपुर जिला व्यापार महांसघ के बैनर तले बनी संघर्ष समिति द्वारा प्रेस वार्ता आयोजित कर अपनी पीडा एवं प्रशासन की हठधर्मिता को बताने का प्रयास किया गया। संघर्ष समिति संयोजक विष्णु जैन ने बताया कि शासन प्रशासन द्वारा सडक चौडीकरण,व फ्लाई ओवर द्वारा शहर के विकास का प्रयास किया जा रहा है। हम सभी व्यापारी व शहरवासी भी विकास चाहते हैं परन्तु अपना सर्वनाश करवाने की कीमत पर नहीं। प्रशासन जहां आवश्यकता है सडक चौडीकरण का कार्य कराये लेकिन उसके अंतर्गत आने वाली दुकान व मकान मालिकों को उसका उचित मुआवजा वर्तमान डीएलसी के अनुसार दिया जाना चाहिये।

प्रशासन को चाहिये कि भय व खौफ का माहौल बनाने के बजाय सडक चौडीकरण की जद में आने काले दुकान व मकान मालिकों से पहले उस क्षेत्र में प्रस्तावित विकास कार्य/सडक चौडीकरण के बारे में स्पष्ट बताये कि सडक कितनी चौडी की जा रही है कितनी जगह की आवश्यकता है किस किस के मकान, दुकान उस जद में आ रहे हैं उनरसे कितनी भूमि अधिठाहण की जायेगी और किस हिसाब से कितना मुआवजा दिया जावेगा, भूमि अधिठाहण के पश्चात अगर उसकी जो भूमि बचेगी उस पर तुरन्त पट्टा दिया जायेगा या नहीं इत्यादि जैसी समस्याओं के बारे में बात कर उन्हे संतुष्ट करने के पश्चात विकास कार्य/ सडक चौडीकरण की कार्यवाही को आगे बढायें। लेकिन पीडित के साथ सब कुछ हो रहा है उल्टा। पहले मकान, दुकान पर अचानक जाकर लाल निशान लगाकर खौफ व भय का माहौल बना दिया जाता है उस क्षेत्र के लोगों को यह पता नहीं होता कि कितनी चौडी सडक या फ्लाई ओवर बनाया जाना प्रस्तावित है। अधिकारियों से पूछने जाओ तो उन्हीं को स्पष्ट नहीं होता फिर भय का माहौल बनाने के बाद सडक की चौडाई को लेकर वारगेनिंग की जाती है। उदाहरण के तौर परेडक्रास सर्किल से रेलवे स्टेशन पर 120 फुट पर लाल निशान लगा दिये गये। वहां के वाशिंदों व व्यापारियों में खलवली व चिंता का माहौल बना दिया गया। उसके बाद वर्तमान सरकार की पार्टी के लोगों द्वारा लोगों को गुमराह कर कोई 75 फुट कोई 80 फुट कोई 86 फुट व कोई 90 फुट कराने की बात कह रहा है। प्रशासन द्वारा स्पष्ट नहीं किया जा रहा कि वास्तव में कितनी चौडी रोड बननी है और उसकी जद में आने वाले दुकान व मकान मालिकों को कितना मुआवजा और किस हिसाब से दिया जावेगा या नहीं भी दिया जावेगा।इसलिए भरतपुर जिला व्यापार महासंघ को संघर्ष करने के लिए मजबूर होना पडा और इसके तहत एक संघर्ष समिति का गठन किया गया। उस संघर्ष समिति में हर पीडित क्षेत्र से लोगों को लिया गया है और उसी संघर्ष समिति द्वारा सबको साथ लेते हुए अपने हक के लिये संघर्ष करने को आन्दोलनात्मक रूख अपनाना पड रहा है क्योंकि पिछले दो साल से शांत बैठे आमजन व व्यापारी वर्ग को कमजोर कडी समझ राठौरी कार्यवाही की जा रही है और आमजन में भ्रामकता फैलाने का प्रयास किया जा रहा है कि व्यापारी विकास का विरोध कर रहा है।

हम डंके की चोट पर कहते हैं कि ''व्यापारी विकास का विरोधी नहीं है पर विनाश का पक्षधर भी नहीं है''। आप विकास कीजिये पर कई पीढियों से बाप दादाओं के मकान दुकान से व्यापारी को सडक पर मत लाइये। कैसी कैसी विषम परिस्थितियों में जैसे तैसे वह अपने परिवार को पाल रहा है। आप यहां रोजगार तो पैदा कर नहीं पा रहे हैं थोडे बहुत बचे रोजगार को भी छीन रहे हैं। खूब विकास करिये परन्तु उससे पहले हमें हमारे हक का मुआवजा दीजिये या बदले में हमें स्थान (भूमि) दीजिये। उपरोक्त सभी समस्याओं को लेकर संघर्ष समिति शासन प्रशासन से निम्नलिखित मांग रखती है -1. प्रशासनिक स्तर पर प्रस्तावित सडक की चौडाई की घोषणा एवं प्रस्तावित सडक के अंतर्गत आने वाली प्रभावित दुकानों व मकानों के विवरण का खुलासा किया जावे।